श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

"जनता की आवाज, सच का आईना"

9414917401 ♦ गुरूवार ♦ 22 अक्टूबर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 894

रीड़ी में पंचायत समिति सदस्य के लिए दूसरे दिन 18 नामांकन दाखिल, कांग्रेस के 14 प्रत्याशी मैदान में







श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। पंचायत चुनाव के तहत रीड़ी ग्राम पंचायत भवन में बुधवार को पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कुल 18 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बीकानेर के निर्देशानुसार हुई इस प्रक्रिया में कांग्रेस के 14, भाजपा के 1 तथा निर्दलीय के 3 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। रिटर्निंग अधिकारी सुश्री दमयंती कंवर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा के समक्ष प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

कांग्रेस के 14 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। कांग्रेस की ओर से वार्ड संख्या 2 से जगदीश घमंडाराम इंदपालसर गुसाईंसर, वार्ड 3 से भंवरी ओमप्रकाश रीड़ी, वार्ड 4 से मुनीराम उदाराम बाना, वार्ड 5 से हरिराम पुत्र जैसाराम ऊपनी, वार्ड 6 से धापू मदनलाल कल्याणसर, वार्ड 7 से सीमा देवी राजेश कुमार दुलचासर, वार्ड 8 से ओगप्रकाश रागेश्वरलाल देराजसर, वार्ड 9 से बसंती गोपालाराम सांवतसर, वार्ड 10 से सरोज हरभजन कल्याणसर नया, वार्ड 12 से संतोष देवी पूनमचंद बापेऊ, वार्ड 13 से पुसी पुत्री कानाराम सोनियासर शिवदानसिंह, वार्ड 14 से ओमप्रकाश चोथाराम जाखासर भोमसिंहावतान, वार्ड 15 से तोलाराम गोपालराम बरजांगसर तथा वार्ड 16 से खिंयाराम भींवाराम धनेरू ने नामांकन दाखिल किए है। इस दौरान केसराराम गोदारा, विमल भाटी सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

भाजपा से एक और निर्दलीय तीन प्रत्याशी मैदान में

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। रीड़ी में भारतीय जनता पार्टी की ओर से वार्ड संख्या 4 से बनवारीलाल ने नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों में वार्ड संख्या 4 से विनोद कुमार एवं जय सिंह डागला तथा वार्ड 15 से रामनिवास ने नामांकन दाखिल किया।



शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

तुलछी देवी

(पत्नी स्व. किशनाराम सहू, पीटीआई)

निवासी कुंतासर का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर 2026 वार रविवार को हो गया है। जिनका बाहरवां 29 अक्टूबर 2026 वार गुरुवार को है।

शोकाकुल : मनीराम-ज्यानी देवी जाखड़ (दामाद-बेटी), नितेश, गीता, रणजीत, निशा (दोहिता-दोहिती), सुगनाराम सहु (जेठ) सुखराम सहू (देवर), हड़मानाराम, बीरबलराम, रामकरण, मूलाराम, सीताराम (जेठ पुत्र), श्रवण, विनोद (देवर पुत्र), सुरेन्द्र, रामनिवास, मनोज, गोविन्द, सहीराम, पवन, पंकज, भावेश, मुकेश, कार्तिक (पौत्र)।

गांव कुंतासर, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) मो.96728 03776

कांग्रेस 20 पर्चों सहित माकपा के 7 पर्चे, रालोपा के 3 पर्चे, दो निर्दलीय व एक बसपा ने भरा एक पर्चा









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। पंचायती राज चुनावों की सरगर्मियां बढ़ रही है। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति सदस्यों के लिए निर्वाचन अधिकारी झंवरलाल मित्तल के पास बुधवार को 33 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। पंचायत समिति सदस्यों के पर्चे भरवाने कांग्रेस के पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा व राधेश्याम सारस्वत सहित अनेक कार्यकर्ता निर्वाचन अधिकारी झंवर लाल मित्तल के समक्ष पहुंचे है। कांग्रेस ने श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति सदस्यों के लिए आज 15 पर्चे भरवा दिए है और मात्र 4 पर्चे शेष रहें है। कांग्रेस ने पांच वार्डों में एक ही परिवार के दो दो लोगों के पर्चे भरवाए है। वार्ड 1 से पांचीलाल, वार्ड 2 से जसोदा आदूराम, वार्ड 5 से गीता देवी भंवरलाल सारस्वत ये हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए भरत सारस्वत की माता है। वहीं वार्ड 7 से भंवरी पत्नी देदाराम व लक्ष्मण सिंह ने पर्चे भरे है ये दोनों माँ बेटा है। वार्ड 8 से सुमित्रा बंशीधर पारीक ने तथा वार्ड 9 में फुसीदेवी हड़मानाराम व उर्मिला शिवरतन ने पर्चे भरे ये दोनों सास बहू है। वार्ड 10 से परीका गोदारा व कानाराम गोदारा बाप बेटी ने दो पर्चे भरे है। वार्ड 11 से रामेती मुन्नीनाथ व पार्वती राजूनाथ दो भाईयों की पत्नियों ने पर्चे भरे है। वहीं वार्ड 12 से राधा देवी पेमाराम गोदारा, वार्ड 13 से मंजू देवी मुकेश, वार्ड 15 से संतोष कंवर व सुमेर सिंह दोनों पति पत्न ने पर्चे भरे है। वार्ड 17 से गीता देवी, वार्ड 18 से तिलोक चंद, वार्ड 19 से भानीराम ने पर्चे भरे है। पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने पंचायत समिति चुनाव मजबूती से लड़ने की बात कही। माकपा ने 7 पर्चे भरे है। माकपा ने वार्ड 12 में गीता देवी सीताराम गोदारा सेरूणा ने, वार्ड 3 में सब्बीर मोहम्मद मामद्दीन ने, वार्ड 4 में राजूराम मोहनराम व चेतनराम लिच्छूराम के पर्चे भरवाए, वार्ड 5 में संतोष देवी चुनाराम मेघवाल ठुकरियासर, वार्ड 6 में सरोज विकास कुमार सुथार तोलियासर, वार्ड 16 से तारा बाबूलाल मेघवाल बिग्गा ने पर्चे दाखिल किए है। वहीं दो निर्दलीयों ने वार्ड 1 से श्रवण कुमार नाई मोमासर, वार्ड 12 अस्मान कंवर पत्नी मालमसिंह नारसीसर सेरूणा ने पर्चे भरे है। तीन पर्चे आरएलपी के प्रत्याशियों ने भरवाए है। इनमें वार्ड 4 से निराणाराम भंवर लाल मेघवाल धीरदेसर पुरोहितान, वार्ड 5 में गौरी पत्नी प्रेमचंद ठुकरियासर, वार्ड 5 से ही सुमित्रा पत्नी रामनिवास ठुकरियासर ने पर्चे भरे है। इसी के साथ बसपा ने भी एक प्रत्याशी का पर्चा भरवाया है। बसपा ने वार्ड 11 माया कुमारी पुत्री भैराराम मेघवाल पूनरासर ने नामांकन करवाया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उपखंड अधिकारी झंवरलाल मित्तल, निर्वाचन शाखा के नायब तहसीलदार रमेश कुमार, भव्य कटारिया, नौरत सारस्वत सहित अनेक कार्मिक सक्रिय रहे।









294 मतदान केंद्रों पर बीएलओ, पीईईओ-यूसीईईओ और कॉलेज प्राचार्य रहें मौजूद, मित्तल ने दिए निर्देश



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। कोई भी पात्र मतदाता न छूटे अभियान के तहत बुधवार को पंचायत समिति सभागार में विधानसभा क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ के पीईईओ, यूसीईईओ और कॉलेज प्राचार्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम झंवरलाल मित्तल ने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार निर्वाचन रमेश सिंह चौहान व सीबीईओ सरोज पूनियां वीर ने विशेष अभियान के दौरान कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित नहीं रहने देने की बात कही। इसके लिए सभी संस्था प्रधानों को प्रभावी निगरानी रखते हुए पात्र युवाओं से फॉर्म नंबर-6 भरवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर नौरत मल शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत बुधवार को सभी 294 मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि नव मतदाता पंजीकरण के लिए प्रारूप-4 घोषणा पत्र की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। ऐसे में पात्र युवाओं का अधिकाधिक पंजीकरण करवाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में एसीबीईओ-1 अशोक कुमार चुग, एसीबीईओ-2 सुरेन्द्र कुमार शर्मा, निर्वाचन शाखा से डॉ. मनीष कुमार सैनी, भव्य कटारिया, लीलाराम मीणा और मांगीलाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निजी शिक्षण संस्थाओं के प्रधानों की बैठक में मित्तल ने दिए निर्देश, नवमतदाताओं को जोड़ने के लिए लगेंगे शिविर



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। बुधवार शाम को उपखंड अधिकारी कार्यालय में शहरी क्षेत्र के निजी शिक्षण संस्थानों के संस्थाप्रधानों और यूसीईईओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम झंवरलाल मित्तल ने निजी स्कूल प्राचार्यों को पात्र नवमतदाताओं को मतदान पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार निर्वाचन रमेश सिंह चौहान ने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी संस्था प्रधान प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए पात्र युवाओं से फॉर्म नंबर-6 भरवाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करें। सीबीईओ सरोज पूनिया वीर ने भी संस्था प्रधानों और यूसीईईओ को अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर नौरत मल शर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के सभी उच्च माध्यमिक निजी शिक्षण संस्थानों और महाविद्यालयों में आगामी सप्ताह नव मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से 18-19 वर्ष आयु वर्ग के अधिकाधिक पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग से पवन कुमार प्रजापत, आरपी तथा निर्वाचन शाखा से भव्य कटारिया, लीलाराम मीणा और मांगीलाल उपस्थित रहे। वहीं सेसोमूं स्कूल के प्राचार्य सुब्रत कुंडु, जयपुर पब्लिक स्कूल के कुंभाराम घिंटाला, ब्राइट फ्यूचर स्कूल से जगदीश व्यास, मॉर्डन राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहित अनेक स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे।

श्री ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय में सम्मान समारोह, यज्ञ की पूर्णता पर विद्वानों का किया सम्मान






श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। हनुमान धोरा के पास स्थित श्रीऋषिकुल संस्कृत विद्यालय में बुधवार को दंडी स्वामी रामानंद जी तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शारदीय नवरात्रि एवं रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विश्व शांति और कल्याण की कामना के साथ आयोजित नवकुंडी शतचंडी महायज्ञ के विधिवत संपन्न होने पर यह कार्यक्रम हुआ। समारोह में विद्यालय के उपाध्यक्ष राजगुरु पंडित देवीलाल उपाध्याय ने मंच संचालन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन कर विश्व कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर रामानंदजी महाराज ने महायज्ञ को विधिपूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग देने पर संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश राठी एवं कोषाध्यक्ष कमल सोमानी को विशेष धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद दिया। समारोह में विद्यालय के भूमि दाता एवं हनुमान धोरा के पुजारी रहे दिवंगत पंडित देवाराम सिखवाल के पौत्र भगवान सिखवाल, पूर्व प्रधानाचार्य नेमीचंद महर्षि, वर्तमान प्रधानाचार्य एवं काशी के विद्वान पंडित दिवाकर मिश्रा, पूर्व सहायक आचार्य पंडित रामदेव उपाध्याय तथा मैनेजर सरदाराराम बाना का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राहुल पुरोहित, शिवशंकर पुरोहित, शिवशंकर बोहरा, संजय कुमार पुरोहित, पंकज कुमार पुरोहित एवं भरत पुरोहित सहित अनेक मौजिज लोग उपस्थित रहे।

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र की खुशहाली के लिए की नवरात्र के नौ दिन रात खड़े रहकर की तपस्या, नाम जप के साथ किया उपवास



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। नवरात्र में हर घर में श्रद्धालु नौ दिन के व्रत उपवास, पाठ पूजन, आरती व कन्या पूजन के आयोजन संपन्न करते है। वहीं धर्म विशेषा में पढें श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर बास में करणी मंदिर के पुजारी दीनदयाल सारस्वत की साधना के बारे में, सारस्वत ने नौ दिन अखंड खड़े रहकर माँ की तपस्या की है। मंदिर के श्रद्धालुओं ने बताया कि पहले नवरात्र को बाड़ी बैठने पर नौ दिन खड़े रहने का संकल्प लिया। जिसे दशहरे को बाड़ी पूजन संपन्न होने तक पूरा किया। वे नौ रातें व नौ दिन लगातार खड़े ही रहें और खड़े खड़े ही सुबह शाम के आरती पूजन भी मंदिर में संपन्न करवाए। इस दौरान सारस्वत ने लगातार नाम जप के साथ क्षेत्र में खुशहाली की प्रार्थना की। वे नौ दिन निराहार रहकर उपवास भी किया और नंगे पांव भी रहें। श्रद्धालुओं ने मंगलवार को नवरात्र पूजन संपन्न होने के पश्चात उन्हें प्रणाम कर आशीर्वाद लिया व श्रद्धा प्रकट की। अब कस्बे में उनके कठोर व्रत की चर्चा चारों ओर हो रही है।

युवक के चाकू घोंपकर हत्या का मामला, मृतक के भाई ने दर्ज करवाया एक नामजद सहित तीन के खिलाफ मामला



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। मंगलवार देर रात क्षेत्र के गांव जालबसर में सनसनी फैलाने वाली घटना सामने आई। यहां गांव की मुख्य गुवाड़ में ही परचून की दुकान करने वाले एक युवक ने गांव के ही एक युवा की चाकू के वार से हत्या कर दी। कहासुनी हत्या तक पहुंच गई और आरोपी ने तैश में आकर युवक की छाती में चाकू घोंप दिया। श्रीडूंगरगढ़ थाने में मृतक नेमाराम पुत्र हरिराम जाट के भाई 35 वर्षीय सांवरमल जाट ने कालूराम पुत्र सीताराम जाट व दो अन्य के खिलाफ हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 10 से 10.30 बजे वह अपने घर था तभी उसके पास गांव के ही एक युवक का फोन आया कि उसका भाई नेमाराम गांव के टाडे में खून से लथपथ पड़ा है। जब वह मौके पर पहुंचा तो लथपथ हालात में गांव की एक गाड़ी में घायल को लेकर बीरमसर में डॉ के पास गए। डॉक्टर ने गंभीर हालात होने व तुरंत बड़े अस्पताल ले जाने की बात कही। नेमाराम की छाती में चाकू की चोट थी और श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तभी गांव का ही कालूराम पुत्र थानाराम जाट भी हमारे पीछे पीछे अस्पताल आया। उसने बताया कि रात 10 बजे नेमाराम ने उसे फोन कर कालूराम पुत्र सीताराम जाट द्वारा गुवाड़ में गाली गलौच करने की बात बताई। उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी थे, तो कालूराम थानाराम ने उससे खेत जाने के रास्ते में होने व तुरंत मौके पर पहुंचने की बात कही। जब वह भागकर टाडा में पहुंचा तो देखा कालूराम सीताराम जाट ने नेमाराम की छाती पर चाकू से वार कर दिया। जिससे नेमाराम लहूलुहान हो गया। कालूराम व उसके साथ वाले युवक मौके से भाग छुटे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है व जांच थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव कर रहें है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही है।

कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। सदूदेवी पारख कन्या महाविद्यालय में ईएलसी के तहत आयोजित कार्यशाला के मुख्य वक्ता भारती निकेतन महाविद्यालय के सहायक आचार्य कुलदीप शर्मा रहे। उन्होंने छात्राओं को अपने विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की प्रक्रिया समझाई तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक बताया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य अनुराधा बिस्सा ने छात्राओं से पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. आनंद नारायण पुरोहित, डॉ. कमल सिंह चारण, डॉ. चित्रा व्यास, डॉ. प्रभा कंवर, डॉ. सीमा खड़गावत एवं डॉ. प्रियंका श्रीमाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय में पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। राजकीय महाविद्यालय में 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग के पात्र युवाओं के मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य अमित तंवर ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मतदान के महत्व तथा पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने साथियों और परिवारजनों को भी मतदाता पंजीकरण एवं मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा व वाल्मीकि जयंती पर घोष संचलन निकलेगा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 अक्टूबर 2026। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत घोष शिविर 'मरु निनाद-2026' को लेकर श्रीडूंगरगढ़ खंड में उत्साह के तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 12 से 15 नवंबर तक जोधपुर में आयोजित होने वाले इस शिविर में श्रीडूंगरगढ़ खंड से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक भाग लेंगे। शिविर की तैयारियों के साथ क्षेत्र में घोष वादन को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह है। संघ के खंड कार्यवाह ने बताया कि घोष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समृद्ध परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। घोष वादन के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, एकाग्रता, सामूहिकता और समर्पण की भावना विकसित होती है। 'मरु निनाद-2026' शिविर घोष वादकों के लिए प्रशिक्षण, अभ्यास और संगठनात्मक समन्वय का अवसर है। उन्होंने बताया कि शिविर की पूर्व तैयारियों के क्रम में 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर श्रीडूंगरगढ़ के घोष वादकों द्वारा चिरपड़नाथजी की बगीची और बिग्गाबास स्थित गणेश मंदिर में घोष संचलन निकाला जाएगा। इस दौरान घोष वादन के साथ 'मरु निनाद-2026' शिविर का निमंत्रण भगवान के चरणों में समर्पित किया जाएगा।





रांकावत स्वामी समाज हितकारिणी संगठन ने शहर की नई कार्यकारिणी घोषित की, नानूराम बने अध्यक्ष



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। रांकावत स्वामी समाज हितकारिणी संगठन, श्रीडूंगरगढ़ शहर की आम बैठक मंगलवार को हनुमान धोरा प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में समाज के मौजिज लोगों ने सत्र 2026 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। संगठन के संस्थापक सदस्य राजेन्द्र प्रसाद स्वामी एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से नानूराम स्वामी को अध्यक्ष, आसूदास स्वामी को मंत्री, भगवानाराम (पवन) स्वामी को महामंत्री तथा सीताराम स्वामी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही संगठन मंत्री गोपालदास स्वामी, बजरंग स्वामी, पोकरदास, शिवरतन स्वामी, मनोज कुमार स्वामी, हरकिशन स्वामी को बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर रामचंद्र स्वामी, कन्हैयालाल स्वामी, विष्णु स्वामी, बनवारीलाल, सौरभ स्वामी, सचिव बाबूलाल स्वामी, हरिदास वाली, मुन्नीराम स्वामी, हनुमान स्वामी, तथा सहसचिव हेमदास स्वामी, रामचंद्र स्वामी, विधि सलाहकार एडवोकेट किशन स्वामी, मीडिया प्रभारी शंकरलाल, रेवंत स्वामी को दायित्व दिया गया। प्रचार मंत्री बंशी स्वामी, बनवारीलाल, शिव स्वामी, बनवारी स्वामी, बजरंग दास, मुकेश स्वामी, मनीप कुमार, मनोज कुमार, तोलु स्वामी को दायित्व दिए गए है। नवनियुक्त अध्यक्ष नानूराम स्वामी का सदस्यों ने स्वागत सम्मान किया। स्वामी ने बताया कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य समाज में एकता, शिक्षा एवं आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा जरूरतमंद समाजबंधुओं की हरसंभव सहायता करना है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में समाज के उत्थान और हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।






श्रीडूंगरगढ़ मंडी में पहुंची किसानों की पहली पसंद जानकी खल की नई खेप, कुलड़िया ब्रदर्स पहुंच रहे पशुपालक

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। क्षेत्र के पशुपालकों को नई सीजन की नई खल का इंतजार लंबे समय था एंव पशुओं के स्वास्थ्य रक्षा, दूध बढ़ाने वाली खल जानकी ब्रांड श्रीडूंगरगढ़ कृषि मंडी में पहुंच गई है। मंडी में 107 नम्बर दुकान कुलड़िया ब्रदर्स पर जानकी ब्रांड का नया स्टॉक पहुंच गया है। प्रोपराइटर श्रीराम कूकना ने बताया कि नई खळ के भाव 4700 रुपये है एवं दुकान में जानकी खल के साथ अन्य सभी प्रमुख ब्रांड के खल, चूरी, बाजरी एवं पशु आहार थोक व खुदरा दरों पर उपलब्ध हैं। पशुपालक अपनी आवश्यकता के अनुसार यहां से पशु आहार खरीद सकते हैं। इच्छुक किसान व पशुपालक अन्य जानकारी हेतु 89497 40179, 9950726489 पर सम्पर्क कर सकते हैं। विदित रहे कि जानकी ब्रांड क्षेत्र के किसानों में खासा लोकप्रिय है एवं इसकी उच्च गुणवत्ता के कारण यह पशुओं के स्वास्थ्य रक्षा, दूध में बढ़ावा देने वाली खळ साबित हुई है।

बालाजी के जयकारों के साथ रवाना हुआ संघ, गुसाईं ने विदा कर दी शुभकामनाएं



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। सालासर बालाजी के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में क्षेत्र से श्रद्धालु रवाना हो रहें है। बुधवार सुबह वार्ड 17 से पितरजी महाराज मंदिर से श्रद्धालु धूमधाम से सालासर संघ लेकर रवाना हुए। यहां पालिका उपाध्यक्ष विनोदगिरी गुसाईं ने यात्रियों के साथ बाबा का पूजन किया व लाल ध्वजा उठाकर संघ को विदा किया। गुसाईं ने यात्रियों को तिलक लगाया व फूलमालाएं पहना कर सम्मान किया। संघ में अनेक महिला श्रद्धालु भी शामिल है। सभी के ठहरने सहित विभिन्न सुविधा व्यवस्थाएं संघ द्वारा व्यवस्थित रूप से की गई है। वार्डवासियों ने नाचते गाते संघ सदस्यों को यात्रा की शुभकामनाएं दी। यात्री शरद पूर्णिमा को मंदिर पहुंचकर बाबा के दरबार में धोक लगाएंगे व क्षेत्र की खुशहाली के लिए बाबा से प्रार्थना करेंगे।



पंचायती राज आम चुनाव-2026 : आब्जर्वर नवनीत कुमार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



बीकानेर, 22 अक्टूबर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आब्जर्वर श्री नवनीत कुमार ने बुधवार को सिंथल, मूंडसर एवं रिडमलसर ग्राम पंचायतों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आदर्श आचार संहिता की पालना की स्थिति का अवलोकन किया। आब्जर्वर श्री नवनीत कुमार ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों, मतदान दलों तथा मतदाताओं की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, रोशनी, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप एवं व्हील चेयर, साफ-सफाई एवं छायादार स्थान सहित आवश्यक सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान दिवस पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, जिससे मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित निर्वाचन संपन्न करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समय रहते समीक्षा करने तथा कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश भी दिए। आब्जर्वर नवनीत कुमार ने मतदान दिवस पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान लाइजन ऑफिसर डॉ. राम किशोर मेहरा साथ रहे।

श्रीडूंगरगढ़ मंडी से सभी जिंसो के भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 अक्टूबर 2026। बुधवार को मंडी में बाजरी के भावों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं ग्वार में आज भी मंदी का असर नजर आया।

नई खल - 4200/- 4850/-
ग्वार 7600/- 7701/-
ग्वार काला - 7000/- 7500/-
मोठ नया- 8500/- 8751/-
मोठ -7000/-7600
चना- 6800/- 7400/-
रूसी चना- 6600/- 7300/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2500/- 2700/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 12800/- 14700/-
पैकेट ईसबगोल 14500/- 16700/-
जीरा नया- 23000/- 25700/-
मूंग नया- 8000/- 8500/-
मूंग -6500/-7000/-
मूंगफली खला नया , 6000/- 8001/-
मूंगफली चुगा नया - 5500/- 7000/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फेश - 8000/- 9000/-
तिल- 1000/- 10500/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/-16500/

बिग्गा के भैरव मंदिर में संघ के स्वयंसेवकों ने किया शस्त्र पूजन



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। गांव बिग्गा स्थित भैरव मंदिर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने विधिवत शस्त्र पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया। इस अवसर पर रामलाल भार्गव, राजू प्रजापत, किशोर सिंह, प्रकाश ओझा, विजय सेवग, मुकेश सेवग, गजेंद्र ओझा, अरविंद ओझा, रघु ओझा, महेंद्र ओझा, गौरव सिहाग और अशोक ओझा सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

स्टेट लेवल कॉर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक, अभय कमांड सेंटर की तर्ज पर अरण्य भवन में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड से होगी अवैध बजरी खनन रोकथाम की समीक्षा, अति संवेदनशील 40 प्वाइंट की लाइव फीड से होगी निगरानी

जयपुर। चंबल नदी में अवैध बजरी खनन की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित स्टेट लेवल कॉर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में संबंधित विभागों एवं जिला कलेक्टर को प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि चंबल नदी में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। मुख्य सचिव ने चंबल नदी क्षेत्र में स्थापित पेट्रोलिंग पोस्ट्स का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी सुपरविजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, वैकल्पिक निर्माण सामग्री के रूप में एम-सैंड नीति को बढ़ावा देने के लिए समीक्षा कर इसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। अति संवेदनशील 40 स्थानों की डिजिटल माध्यम से होगी निगरानी मुख्य सचिव ने अरण्य भवन में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए, जिसके माध्यम से चंबल नदी के 40 अति संवेदनशील स्थानों की निरंतर निगरानी की जा सके। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अभय कमांड सेंटर की तर्ज पर विकसित की जाए तथा इन स्थानों पर निगरानी व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा भी सुनिश्चित हो ताकि अवैध खनन की गतिविधियों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के पुलिस प्रशासन से आपसी समन्वय कर अवैध खनन पर आवश्यक कार्रवाई के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध बजरी खनन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध केवल चालान तक सीमित न रहते हुए प्रकरण की प्रकृति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार चार्जशीट दायर करने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ प्रभावी कार्रवाई करें। बैठक में करौली, कोटा, बूंदी, धौलपुर व सवाई माधोपुर जिलों उपवनसंरक्षक ने डिटेल प्रेजेंटन के माध्यम से इन जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्पेशल टास्क फोर्स द्वार किए जा रहे।





टी.एन. ज्वैलर्स

के विश्वास और विश्वसनीयता के 17 गौरवशाली वर्ष

Luster your life

सोने की चमक से बढ़कर है विश्वास की चमक, और इसी विश्वास ने टीएन ज्वैलर्स के 17 साल के सफर को खास बनाया है। 17 साल पहले जब टीएन ज्वैलर्स ने गोल्ड कारोबार की दुनिया में कदम रखा, तब उद्देश्य सिर्फ आभूषणों का व्यवसाय करना नहीं, बल्कि परिवार से मिले संस्कारों, ईमानदारी, बेहतरीन क्वालिटी और भरोसे के साथ ग्राहकों के दिलों में अपनी जगह बनाना था।आज 17 वर्षों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि व्यापार की असली पूंजी सोना-चांदी नहीं, बल्कि ग्राहकों का विश्वास और अटूट भरोसा होता है। इस गौरवशाली सफर में टीएन ज्वैलर्स पर अपना विश्वास बनाए रखने वाले सभी ग्राहकों, शुभचिंतकों और सहयोगियों का हार्दिक आभार। आपका स्नेह और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

17 साल विश्वास के... 17 साल गुणवत्ता के...
17 साल रिश्तों की मजबूती के!

टीएन ज्वैलर्स इसी विश्वास, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ
भविष्य में भी आपके भरोसे पर खरा उतरता रहे और
सफलता के नए आयाम स्थापित करे,
यही शुभकामना है।

उत्सव अनेक, पसंद सिर्फ एक आपका अपना

टी.एन. ज्वैलर्स®

सोने व चाँदी के आभुषणों का हॉलमार्क ज्वैलरी शॉरूम



निदेशक
तोलाराम जाखड़
श्रीडूंगरगढ़

ज्वैलरी कहीं से भी खरीदें
हॉलमार्क HUID लगा हुआ खरीदें

सावधान ! हमारे नाम से मिलते जुलते नकली ज्वैलरी शॉरूम से

17 YEARS
ज्वैलरी इण्डस्ट्रीज में
16 वर्षा का व्यापक अनुभव

BIS व HUID
हॉलमार्क्ड आभूषण

TN Jewellers
tnj_bikaner

हैड ऑफिस : दुकान नं. 230A-231 बाबुजी प्लाजा, सार्दुल स्कूल के सामने बीकानेर मो. 8003555550
ब्रांच ऑफिस : रामस्नेही मार्केट, मैन बाजार, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर (राज) मो. 8890015888

tnjewelleres@gmail.com
www.tnjewellers.com

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401